भोपाल | शनिवार | 18 जुलाई 2026 | वर्ष 70 | अंक 175 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00 navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से



2 सपा और कांग्रेस जिन्ना के उपासक




4 न्यायपालिका लोकतंत्र का पिलर जज निकला एलपीजी डीलर




9 रेल, ईंधन सोशल मीडिया से जुड़े बदलाव



11 हंसिका लांबा ने सीरीज में जीता रजत पदक

# हाइड्रोजन ट्रेन से भारत को रफ्तार

**1200** किलोवाट क्षमता वाले हाइड्रोजन ईंधन सेल प्रणाली से होगी संचालित | **75** किलोमीटर प्रति घंटे की परिचालन गति से चलेगी | **10** डिब्बों वाली ट्रेन है, जो 2,600 यात्रियों को ले जाने में सक्षम है | **89** किमी का सफर तय करेगी ट्रेन जींद से सोनीपत तक



**जींद, 17 जुलाई. हाइड्रोजन ट्रेन के साथ भारत की नई उड़ान शुरू हो गई है. अब भारत दुनिया के चुनिन्दा देशों में शामिल हो गया है. भारत ने हरित एवं स्वच्छ रेल परिवहन की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए पहली स्वदेशी हाइड्रोजन ईंधन सेल आधारित ट्रेन शुरू कर दी है.**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का शुभारंभ करते हुए शुक्रवार को इतिहास के पन्नों में दर्ज होने वाला ऐतिहासिक क्षण बताया. पीएम ने कहा कि जिस तरह देश की पहली ट्रेन के साथ मुंबई का नाम जुड़ा है, वैसे ही इस आधुनिक रेलगाड़ी के साथ जींद का नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज हो जाएगा. इस अवसर पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मौजूद रहे. श्री मोदी ने यहां जींद जंक्शन पर ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के बाद कई विकास परियोजनाओं का भी शिलान्यास किया.

इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 14,700 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया. इस मौके पर उन्होंने कहा कि पूरा हरियाणा अब विकास की नई पटरी पर चल पड़ा है. कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने जींद की जनता को 'राम-राम' करते हुए संबोधन की शुरुआत की. उन्होंने पुरानी यादों को ताजा करते हुए कहा, मेरे लिए जींद आना पुरानी यादों का झरोखा खोलने जैसा है. जींद के घी और घेवर तो नहीं बदले, लेकिन जींद के तेवर बदल गए हैं. आज जींद भाजपा-एनडीए के सुशासन मॉडल की तस्वीर बन रहा है. यह ट्रेन जींद सिटी, पांडु पिंडारा जंक्शन, ललित खेड़ा, भांबेव, ईसापुर खेड़ी, बुटाना, खंडराई, गोहाना जंक्शन, राबरह, लठ, मोहाना हरियाणा और बड़वासनी से होकर गुजरेगी.

**जर्मनी, चीन से बेहतर है भारत की हाइड्रोजन ट्रेन:** जर्मनी फ्रांस, जापान और चीन में संचालित हाइड्रोजन ट्रेनों की तुलना में यह अधिक क्षमता और अत्याधुनिक तकनीक से लैस है. यह ट्रेन भारतीय रेलवे की स्वदेशी इंजीनियरिंग और तकनीकी दक्षता का नया उदाहरण मानी जा रही है.



### चंडीगढ़ में 4,700 करोड़ की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास

प्रधानमंत्री ने चंडीगढ़ में स्वास्थ्य, शिक्षा और सड़क अवसंरचना से जुड़ी 4,700 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया. उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ केवल एक शहर नहीं, बल्कि भारत के लिए विकास का मॉडल है. उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने हमेशा चंडीगढ़ के समग्र विकास को प्राथमिकता दी है. लेकिन केन्द्र के स्कीमों को पंजाब सरकार लोगों तक पहुंचने नहीं देते हैं.

### पीएम मोदी के संबोधन के प्रमुख अंश

- आज जींद का हरियाणा का नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया है. आज यहां से देश को पहली हाइड्रोजन ट्रेन मिली है.
- भविष्य में जब भी हाइड्रोजन ट्रेन का जिक्र आएगा, तो जींद, सोनीपत और हरियाणा का नाम आएगा.
- स्वच्छता पर जोर देते हुए उन्होंने जींद और हरियाणा के लोगों की सराहना की और कहा कि अगर लोग तय कर लें तो जींद कभी गंदा नहीं हो सकता.

**उद्घाटन और शिलान्यास की मुख्य परियोजनाएं**

- दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे (157.92 किमी).
- अंबाला-काला अंब 4-लेन राजमार्ग (33.81 किमी).
- जींद-गोहाना ग्रीनफील्ड राजमार्ग (40.60 किमी).

## नागरिकता तय करना ईसी का अधिकार नहीं

- सुको ने ईसी और बंगाल सरकार से मांगा जवाब
- वोटर लिस्ट से नाम हटने पर नागरिकता पर भ्रम दूर

**नई दिल्ली, 17 जुलाई. पश्चिम बंगाल में स्पेशल इंटेंसिव रिविजन प्रक्रिया के दौरान मतदाता सूची से हटाए गए नामों को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को महत्वपूर्ण टिप्पणी की.**

अदालत ने स्पष्ट किया कि किसी व्यक्ति का नाम वोटर लिस्ट में नहीं होने से उसकी नागरिकता अपने आप समाप्त नहीं हो जाती।



नागरिकता निर्धारण के लिए अलग कानूनी प्रक्रिया निर्धारित है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची तथा वी. मोहना की पीठ ने कहा कि चुनाव आयोग नागरिकता तय करने वाली संवैधानिक संस्था नहीं है। उसका अधिकार मतदाता सूची के नियंत्रण, प्रबंधन और पर्यवेक्षण तक सीमित है। कोर्ट ने कहा कि यदि किसी ट्रिब्यूनल की ओर से यह निर्णय आता है कि कोई व्यक्ति एसआईआर सूची में शामिल नहीं किया जा सकता, तो चुनाव आयोग को मामले को नागरिकता निर्धारण के लिए संबंधित केंद्रीय मंत्रालय के पास भेजना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में चुनाव आयोग, पश्चिम बंगाल सरकार और राज्य चुनाव आयोग से जवाब मांगा है. याचिका में एसआईआर प्रक्रिया के दौरान हटाए गए मतदाताओं के दावों और आपत्तियों का विधानसभा क्षेत्रवार डेटा सार्वजनिक करने की मांग की गई थी।


## नीट परीक्षा की तैयारी कर रही 18 वर्षीय छात्रा ने की आत्महत्या

**पुणे, 17 जुलाई.** महाराष्ट्र के पुणे में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कर रही एक 18 वर्षीय छात्रा ने शुक्रवार सुबह पुणे में अपने आवास पर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली. पुलिस ने यह जानकारी दी. पुलिस के अनुसार यह किशोरी, कालेपडल पुलिस थाने के अधिकार क्षेत्र में स्थित अपने घर में छत के पंखे से लटकी हुई पाई गई. जांचकर्ताओं ने बताया कि घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है, और इस आत्मघाती कदम के पीछे के सटीक कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है.

## ट्रंप प्रशासन ने विदेशी छात्रों के लिए वीजा नियम किए सख्त

**वाशिंगटन, 17 जुलाई. अमेरिका में ट्रंप प्रशासन ने विदेशी छात्रों के लिए वीज़ा नियम को ज्यादा सख्त बनाने की योजनाओं के संबंध में अंतिम सूचना जारी की है.**

इन नियमों के अंतर्गत विदेशी छात्रों को संघीय सरकार की अनुमति के बिना चार साल से ज़्यादा समय तक अमेरिका में रहने की अनुमति नहीं मिलेगी. यह जानकारी बीबीसी से प्राप्त हुई. इसमें कार्यक्रम बदलने और विश्वविद्यालय या कॉलेजों के बीच स्थानांतरण की सुविधा पर भी



रोक लगेगी. अब तक, उच्च शैक्षणिक संस्थानों के पास वीज़ा की अवधि बढ़ाने का अधिकार था. होमलैंड सिक्योरिटी विभाग ने कहा कि सितंबर से लागू होने वाली यह नीति वीज़ा के बड़े पैमाने पर गलत इस्तेमाल को रोकती है और नियमित जांच-पड़ताल के माध्यम से राष्ट्रीय सुरक्षा को मज़बूत करती है.

### एक नजर में



#### जम्मू कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न हिस्सा

**नयी दिल्ली.** भारत ने एक बार फिर जोर देकर कहा है कि जम्मू कश्मीर और लद्दाख सहित पूरा क्षेत्र उसका अभिन्न अंग था, है और रहेगा तथा पाकिस्तान को भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने का कोई अधिकार नहीं है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को मीडिया ब्रीफिंग में पाकिस्तान के एक विवादास्पद बयान से जुड़े सवाल के जवाब में कहा कि भारत का रूख पहले से ही स्पष्ट है कि जम्मू कश्मीर और लद्दाख का समूचा क्षेत्र भारत का अभिन्न अंग था, है और सदैव रहेगा.

#### ट्रेन दुर्घटना में दो स्कूली बच्चों सहित तीन की मौत

**मुर्शिदाबाद.** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक रेल दुर्घटना में दो स्कूली बच्चों सहित तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. प्राप्त जानकारी के अनुसार, निमटीता-कटवा यात्री रेलगाड़ी (संख्या 53054) ने एक रेलवे क्रॉसिंग पर रॉयल अकादमी स्कूल के छात्रों को ले रहे एक वाहन और एक अन्य साइकिल सवार को टक्कर मार दी. इसके कारण दो विद्यार्थियों और एक बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई.

## राम मंदिर मामले में एसआईटी ने मांगा समय

**लखनऊ, 17 जुलाई। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अयोध्या स्थित राम मंदिर में श्रद्धालुओं के चढ़ावे की कथित चोरी और गबन की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) ने अपनी जांच पूरी करने के लिए अतिरिक्त समय मांगा है। शासन से जुड़े सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।**

एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, एसआईटी सोमवार को उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में अपनी अंतरिम स्थिति रिपोर्ट सीधे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकती है। साथ ही वह अंतिम रिपोर्ट दाखिल करने के लिए राज्य सरकार से जांच अवधि बढ़ाने का अनुरोध भी करेगी। राज्य सरकार ने 13 जून को लखनऊ मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में एसआईटी का गठन किया था। इसमें पुलिस महानिरीक्षक किरण एस और वित्त विभाग के विशेष सचिव नील रतन भी सदस्य हैं। यह जांच समिति श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुरोध पर गठित की गई थी। एसआईटी को प्रारंभ में 15 दिन में जांच पूरी करने का दायित्व सौंपा गया था, जिसे बाद में 15 दिन के लिए बढ़ा दिया गया। गौरतलब है कि जांच ने उस समय गति पकड़ी जब एसआईटी ने 23 जून को अपर मुख्य सचिव (गृह) संजय प्रसाद को नौ पृष्ठों की अंतरिम रिपोर्ट सौंपी थी।

### पूर्व टेंपल अधिकारी राजेंद्र चौहान गिरफ्तार

**चमोली, 17 जुलाई.** उत्तराखंड के चमोली जिले स्थित विश्व प्रसिद्ध बदरीनाथ धाम में श्रद्धालुओं के चढ़ावे और दान से जुड़ी कथित अनियमितताओं के मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बदरी-केदार मंदिर समिति (बीकेटीसी) के पूर्व टेंपल अधिकारी राजेंद्र सिंह चौहान को गिरफ्तार कर लिया है. राजेंद्र सिंह चौहान 30 जून को अपने पद से सेवानिवृत्त हुए थे। सेवानिवृत्ति के कुछ ही दिनों बाद उन्हें दान और चढ़ावे की कथित गड़बड़ी तथा चोरी से जुड़े मामले की जांच के सिलसिले में हिरासत में लिया गया। एसआईटी के अनुसार, मामले की जांच के दौरान सामने आए तथ्यों के आधार पर यह कार्रवाई की गई है. फिलहाल राजेंद्र सिंह चौहान से पूछताछ जारी है.

## इंदौर, मंदसौर समेत कई ठिकानों पर छापे

**70** करोड़ की एमडीएमए तस्करी पर ईडी का शिकंजा

नव भारत न्यूज

**इंदौर. 70 करोड़ रुपए की एमडीएमए (मेफेड्रोन) ड्रग्स तस्करी मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को इंदौर व मंदसौर समेत कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की. कार्रवाई में आरोपियों के वित्तीय नेटवर्क से जुड़े अहम दस्तावेज, डिजिटल साक्ष्य और बैंक लॉकर की जानकारी मिली है.**




फरार मुख्य आरोपी को ट्रेस कर मिले अहम दस्तावेज व डिजिटल साक्ष्य

ईडी की अधिकृत जानकारी के अनुसार इंदौर सब जोनल कार्यालय ने यह कार्रवाई इंदौर क्राइम ब्रांच द्वारा एनडीपीएस एक्ट की धारा 8 और 22 के तहत दर्ज एफआईआर के आधार पर की. जांच में सामने आया कि मामले का एक प्रमुख आरोपी अपने सभी ज्ञात ठिकानों से फरार था. इसके बाद ईडी ने हैदराबाद, बीकानेर और इंदौर में कई दिनों तक खुफिया निगरानी और तकनीकी विश्लेषण के जरिए उसकी तलाश की. आखिरकार आरोपी को इंदौर के एक अज्ञात ठिकाने से ट्रेस कर उसके यहां तलाशी की कार्रवाई की गई. तलाशी के दौरान आरोपियों की संपत्तियों, वित्तीय लेनदेन और अपराध से अर्जित धन (प्रोसीड्स ऑफ क्राइम) से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज व डिजिटल उपकरण जब्त किए हैं.

## भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी को मिली नई मजबूती : गोर

**नई दिल्ली, 17 जुलाई. भारत और अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग लगातार मजबूत हो रहा है. इसी क्रम में भारतीय नौसेना को एक और अत्याधुनिक एमएच-60आर सीहॉक नौसैनिक हेलीकॉप्टर मिला है.**

भारत में अमेरिकी दूतावास ने इसे दोनों देशों की रक्षा साझेदारी की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है। वहीं, भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने इसे द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के लिए अच्छी खबर करार दिया.

भारत में अमेरिकी दूतावास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बताया कि लॉकहीड मार्टिन द्वारा निर्मित एक और एमएच-60आर सीहॉक नौसैनिक हेलीकॉप्टर भारतीय तट पर पहुंच गया है।



नौसेना के बेड़े में एमएच- 60आर सीहॉक हेलीकॉप्टर शामिल हुआ

## जैश-ए-मोहम्मद के 5 आतंकी गिरफ्तार

- गुजरात एटीएस की बड़ी कार्रवाई
- कोर्ट ने 24 जुलाई तक एटीएस रिमांड में भेजा



**अहमदाबाद, 17 जुलाई. गुजरात एंटी टेररिज्म स्क्वाड ने जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े कथित आतंकी मॉड्यूल मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए पाटन जिले से पांच और संदिग्धों को गिरफ्तार किया है.**

सुरक्षा एजेंसियों का आरोप है कि ये लोग आतंकी संगठन से जुड़े नेटवर्क को बढ़ाने और राज्य में किसी बड़ी साजिश को अंजाम देने की तैयारी में शामिल थे. एटीएस की कार्रवाई के बाद गिरफ्तार किए गए पांचों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें पूछताछ के लिए 24 जुलाई तक एटीएस रिमांड पर भेज दिया गया है. जांच एजेंसी का कहना है कि आरोपियों से देश विरोधी गतिविधियों, नेटवर्क और संभावित संपर्कों को लेकर विस्तृत पूछताछ की जा रही है. जानकारी के अनुसार, गुजरात एटीएस ने इसी महीने की शुरुआत में जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े आठ संदिग्धों को गिरफ्तार किया था. इनसे पूछताछ के दौरान कुछ नए नाम सामने आए, जिसके आधार पर एटीएस ने पाटन जिले के सिद्धपुर तालुका स्थित खड़ियाल गांव में छापेमारी की. कार्रवाई में पांच अन्य संदिग्धों को पकड़ा गया.

## नमाज के लिए प्रशासन ने 40 पीर के पास दी जगह

**05** अगस्त को सुको में भोजशाला की होना है अगली सुनवाई

संजय बाजपेई

**धार, 17 जुलाई. भोजशाला में नमाज बंद होने के बाद प्रशासन में मुस्लिम पक्ष को ग्राम मालीवाडा में 40 पीर के पास नमाज अदा करने के लिए जगह दी है। यहां खसरा नंबर 664 की जमीन को अस्थाई रूप से उपलब्ध करवाया गया है। यह निर्णय भोजशाला विवाद को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद शुक्रवार को धार जिला प्रशासन ने दोनों पक्षों की बैठक के बाद लिया.**

जानकारी अनुसार मध्य प्रदेश हाईकोर्ट द्वारा धार भोजशाला को मां वाग्देवी मां सरस्वती का मंदिर घोषित किए जाने के बाद मुस्लिम पक्ष ने इस निर्णय को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी. 14 जुलाई को सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के फैसले पर रोक लगाने से इनकार करते हुए यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए हैं. साथ ही कहा कि अंतिम निर्णय होने तक मुस्लिम समाज को भोजशाला परिसर के निकट दोपहर 1 बजे से 3 बजे के बीच नमाज अदा करने के लिए उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराया जाए. परिसर में किसी प्रकार का बदलाव न किया जाए. सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के पालन में जिला प्रशासन ने दोनों पक्षों के साथ चर्चा कर 40 पीर के पास स्थित जमीन को नमाज के लिए उपलब्ध करवाई है.

### शांति और सुरक्षा के मद्देनजर दी जगह

प्रशासन का कहना है कि मुस्लिम पक्ष द्वारा सुझाया गया स्थान कानून-व्यवस्था और सुरक्षा की दृष्टि से उपयुक्त नहीं है, इसलिए शांति और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराया गया. वहीं मुस्लिम समाज के अध्यक्ष अब्दुल समद ने प्रशासन के निर्णय पर आपत्ति जताते हुए कहा कि उन्हें सुप्रीम कोर्ट की भावना के अनुरूप परिसर से सटी हुई जगह नहीं दी गई.

### सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस फोर्स तैनात

जिला प्रशासन ने पूरे घटनाक्रम के दौरान शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है. एडिशनल एसपी ने बताया कि शहर में लगभग 200 से 250 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है. संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो और शहर में अमन, शांति एवं सौहार्द बना रहे.

भारत टेक्स 2026 | 2.8 अरब डॉलर की अतिरिक्त बिक्री की उम्मीद

## 138 देशों से हजारों करोड़ के निवेश पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली, 17 जुलाई. वैश्विक वस्त्र प्रदर्शनी भारत टेक्स के तीसरे संस्करण से 2.8 अरब डॉलर की अतिरिक्त बिक्री के अवसर पैदा होने की उम्मीद है.**

राष्ट्रीय राजधानी के भारत मंडपम् में चार दिवसीय प्रदर्शनी के अंतिम दिन शुक्रवार को संवाददाताओं से बात करते हुए भारत टेक्स ट्रेड फेडरेशन (बीटीटीएफ) के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार गोयंका ने एक प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी दी।

> बीटीटीएफ के सह-अध्यक्ष भद्रेश डोडिया ने कहा कि प्रदर्शनी में 138 देशों के प्रतिनिधि आये थे जिनमें 19 देशों की प्रदर्शनी भी थी। उन्होंने कहा कि लातिन अमेरिकी देशों में भारतीय वस्त्र उद्योग की पहुंच कम थी. इस बार दुनिया के उस हिस्से से भी लोग आये थे. भारत टेक्स के बाद लातिन अमेरिकी बाजारों में भारत की पहुंच बढ़ने की उम्मीद है.

प्रदर्शनी को बेहद सफल बताते हुए उन्होंने बताया कि पहले तीन दिन में ही राज्य सरकारों ने 30 से अधिक सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये जिनमें इस क्षेत्र में लगभग 14,300 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जतायी गयी है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में 75 प्रतिशत प्रदर्शक ऐसे हैं जो पहले के संस्करणों में भी शामिल हो चुके हैं। यह बताता है कि प्रदर्शनी उनके लिए व्यवसाय बढ़ाने में सहायक रही है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, भारत टेक्स 2026 के दौरान कर्नाटक में 2,821 करोड़ रुपये के निवेश के लिए एमओयू हुए जिससे 11,020 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। बिहार ने 1,476 करोड़ रुपये के निवेश के लिए समझौता किया है जिससे 40,500 से अधिक रोजगार के अवसर पैदा होंगे। महाराष्ट्र में 1,095 करोड़ रुपये और आंध्र प्रदेश में 4,100 करोड़ रुपये के निवेश के लिए एमओयू किये गये हैं। इसके अतिरिक्त रीएंडअप ने भारत में 4,800 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की.

## जापान ने शाही उत्तराधिकार नियमों में दी ढील

**टोक्यो, 17 जुलाई.** जापान की संसद ने शाही परिवार के घटते आकार की चिंताओं के बीच शाही उत्तराधिकार के नियमों में ढील देने वाले विधेयक को मंजूरी दे दी है. शुक्रवार को उच्च सदन से पारित यह विधेयक शाही परिवार को 15 वर्ष से अधिक आयु के दूर के पुरुष रिश्तेदारों को गोद लेने की अनुमति देता है. इसके साथ ही यह महिलाओं को परिवार से बाहर शादी करने के बाद भी अपना शाही दर्जा बनाये रखने की इजाजत देता है.

### गुस्ताखी माफ

